हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

11 हिंदू विद्यालय में हुआ 51 कुंडीय सामूहिक...



12 भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने बढ़ाया देश...



### भाजपा में पहली बार खुलकर दिखा मतभेद, पुराने कार्यकर्ताओं ने अलग कार्यक्रम आयोजित कर अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

# भाजपा में पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की सुगबुगाहट, मार्केट कमेटी लिस्ट में बदलाव से भी कार्यकर्ताओं में हताशा की चर्चा

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

भाजपा में पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है। इसकी सुगबुगाहट अब जिला में शुरू होती दिखाई देने लगी है। यह नजारा वीरवार दिखा। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटली बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाने के लिए शहर में दो अलग-अलग जगह कार्यक्रम रखे गए। जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव की अगुवाई में जहां यादव धर्मशाला में कार्यक्रम रखा गया। वहीं रेवाड़ी रोड स्थित एक होटल में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप गौड़ के संयोजन में कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जहां अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव ने की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता गोबिंद भारद्वाज व पूर्व विधायक सीताराम यादव मीडिया के सवालों के जवाब दिए और इन जवाबों में भाजपा में पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की सुगबुगाहट नजर आई तो मार्केट कमेटी लिस्ट में बदलाव को भी उचित नहीं ठहराया गया।

इस दौरान गोबिंद भारद्वाज ने मीडिया को बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर पूरे देश में भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। यह पूरा वर्ष सुशासन दिवस का रहेगा। अनेक स्थानों पर वाजपेयी जी को याद भी किया जा रहा है और वाजपेयी के जीवन से जो प्रेरणा लोगों ने ली, उसकी कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा होगी।

भाजपा में अब तक जो विशेष रूप से कहूं पुराने कार्यकर्ता, जिन्होंने अपना सारा जीवन भाजपा में लगाया है, उन सबके प्रेरणा स्त्रोत अटल बिहारी वाजपेयी है। 'पहले भाजपा में इस तरह के कार्यक्रम एक जगह बनते थे, आज दो जगह बन रहे है' और 'दूसरी बात आपके पोस्टर में लिखा है कि पुराने कार्यकर्ता हमारी जीत की गारंटी है और नए कार्यकर्ता पर विश्वास करना जल्दबाजी है' मीडिया के इस सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जिला में एक ही कार्यक्रम नहीं रहा है।

हमने शक्ति केंद्र तक कार्य किए है। अभी तक पार्टी के जिला स्तरीय कार्यक्रम तय नहीं हुए थे और कार्यकर्ताओं ने सोचा कि हम वाजपेयी का जन्मदिन 25 दिसम्बर को ही मनाएं। जिला भाजपा ने अलग-अलग विधानसभा में अलग-अलग तिथियों को कार्यक्रम रखे। कार्यकर्ताओं की इच्छा थी कि हम उसी दिन 25 तारीख को ही कार्यक्रम रखे। वो कार्यक्रम बाद में किया है। महेंद्रगढ़ से कैंसिल होने के बाद नारनौल ग्रीवेंस रखी गई, जब डॉ अरविंद शर्मा के यहां आने की बात सामने आई।





नारनौल। मंच पर मौजूद भाजपा नेता व मंच के सामने कुर्सियों पर बैठे भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी पर बोले गोबिंद भारद्वाज...किसी हद तक बात ठीक

'आज से पहले कभी नए व पुराने कार्यकर्ता जैसी बातें सामने नहीं आई' मीडिया के सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि ऐसी कोई बात नहीं हुई। यह वाजपेयी जी की पंक्ति है नए चाहे दस कार्यकर्ता टूट जाएं, पुराना एक भी कार्यकर्ता नहीं टूटना चाहिए। पुराने कार्यकर्ताओं के कारण ही पूरे देश में आज भाजपा की सरकार है। देश की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। 'क्या भाजपा में यहां पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है और नए कार्यकर्ताओं को ज्यादा अहमियत दी जाती है?' 'आज तो दो अलग-अलग कार्यक्रम कर और भले ही अटल बिहारी वाजपेयी की यह पंक्तियां रही हो' मीडिया के इस सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी हद तक तो बात ठीक है। पुराने कार्यकर्ताओं का स्वभाविक रूप से 'अनदेखी' तो नहीं कहेंगे लेकिन 'देखी' नहीं हुई। यहां अलग नाम दिया जाता है कि राव साहब के खेमे की बैठक है। धर्मवीर जी की धर्म सेना खेमे के लोगों की बैठक है।तब आप किसी ने प्रश्न नहीं किया। आज जब पुराने कार्यकर्ता एकत्रित होकर अटल जी को श्रद्धांजलि दे रहे है। यह बैठक नहीं हो रही। पुराने कार्यकर्ता, जिनको पार्टी की सूचना नहीं होती, वो घर बैठे है, उन सबको याद करने का अवसर हमने अटल जी के इस सुशासन दिवस पर दिया है।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी, भगवानदास भगत, राजेंद्र यादव, बेगराज सैनी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण जांगड़ा, पूर्व जिला पार्षद देवेंद्र यादव, सुगनचंद सैनी, सुरेश शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, बनवारी लाल, दशरथ, विवेक खैरवाल, हंसराज, आराधना, हनुमान, हुकमकोर, सुशीला, प्रेम चौहान, बलवीर सैनी, शीशपाल पचेरवाल सहित अधिकांश पुराने भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मार्केट कमेटी की लिस्ट में बदलाव नहीं था उचित : सीताराम

'अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन की लिस्ट को बदल दिया गया और नए-पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी' के सवाल पर अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव ने जवाब दिया कि यह स्वभाविक है जिला अध्यक्ष को विधायक नाम दें और विचार विमर्श कर उन नामों को भेजा जाए। जिला अध्यक्ष ने जल्दबाजी में वो नाम भेजे। अब वहां विधायक बहन आरती सिंह राव है, उनसे उन्होंने कोई विचार विमर्श नहीं किया। इसी कंट्रोवसी में वो नाम हटा दिए गए और दूसरा उन्होंने अपने समर्थक को चेयरमैन बना दिया। 'अटेली मार्केट कमेटी की लिस्ट में भी बदलाव किया गया, उसमें कौन नया था और कौन पुराना, स्पष्ट करेंगे' सवाल पर पूर्व विधायक ने कहा कि संघ के भी कार्यकर्ता रहे और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता महावीर कौशिक की बेटी अरूण कौशिक जो हमारी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री भी है, उनको मार्केट कमेटी की लिस्ट आउट तो नहीं हुई व्हाट्सएप पर आई थी, उनमें उनका नाम था और उसके बाद बदलकर जयप्रकाश कोटिया जो राव साहब के निजी कार्यकर्ता है, उनको चेयरमैन बना दिया गया। हमें भी इस बात की तकलीफ है कि पहले तो नाम घोषित नहीं करना चाहिए था और अगर घोषित कर दिया तो बदलना नहीं चाहिए था।पार्टी में बहुत से पद है, उन्हें कहीं वहां सेट कर देते। मेरा तो यहीं कहना है कि इस तरह कार्यकर्ता को बनाकर हटाना उचित नहीं है।

## खबर संक्षेप

### 10 से दोपहर एक बजे तक आज लगेगा बिजली कट

**नारनौल।** बिजली निगम के अनुसार 26 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक 33 केवी इंडस्ट्रीज एरिया व 33 केवी निजामपुर लाइन पर परमिट लिया जाएगा। इस दौरान इन लाइनों पर जम्फर रिपेयरिंग व ट्री कटिंग का कार्य किया जाएगा। शहर के मोहल्ला जमालपुर, श्याम कॉलोनी, बावड़ीपुर, निजामपुर रोड, कोरियावास रोड व इसके आसपास के एरिया की सप्लाई बाधित रहेगी। बिजली निगम के एसडीओ मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि 33 केवी निजामपुर रोड इंडस्ट्री एरिया एवं 33 केवीए निजामपुर से चलने वाले गांव बसीरपुर, तलोट, छिलरो, जोरासी एवं निजामपुर शहर तथा इसके आसपास के सभी एरिया की सप्लाई, जो कि निजामपुर पावर हाउस से चलती है, वह भी बाधित रहेगी। उपभोक्ता शांति बनाए रखें और बिजली निगम के कार्य में सहयोग करें।

### 11वां विराट श्रीश्याम महायज्ञ कल से

**नारनौल।** श्रीश्याम महायज्ञ आयोजन समिति के तत्वावधान में 11वें विराट श्रीश्याम महायज्ञ का आयोजन 27 दिसंबर से 31 दिसंबर तक एमएएसडी स्कूल में किया जाएगा। समिति के प्रेस सचिव डॉ. राहुल शर्मा ने बताया कि महायज्ञ के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के प्रथम दिन 27 दिसंबर को कलश व निशान यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 28 दिसंबर को महालक्ष्मी पूजन का आयोजन किया जाएगा, 29 दिसंबर रात्रि संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 30 दिसंबर को डांडिया का आयोजन किया जाएगा व 31 दिसंबर को दोपहर 120 बजे महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

### ताजपुर में जुआ खेलते तीन लोग गिरफ्तार

**मंडी अटेली।** जिले में अपराधों की रोकथाम और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अटेली पुलिस ने ताजपुर में जुआ खेलते तीन लोग गिरफ्तार, ताश के पत्ते और नकदी बरामद कि है। अटेली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नरसिंह दास मंदिर की बणी में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना को सही मानते हुए पुलिस मौके पर पहुंची, जहां घेराबंदी कर तीन आरोपितों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। पुलिस ने पकड़े हुए व्यक्तियों से नाम पूछने पर उन्होंने अपना नाम भीलवाड़ा निवासी छोटेलाल, ताजपुर निवासी अतर सिंह, ताजपुर निवासी इंद्रजीत बतलाया।

### बुधवार रात्रि करीब ढाई बजे नेशनल हाइवे 152 डी पर हुआ हादसा

# गैस किट लगवाई, उसी रात हादसे में बनी आग का गोला, 3 दोस्तों की मौत

हादसे में कार के एयरबैग खुले, लेकिन आग लगने से नहीं खुले गेट, गाड़ी में ही जल गए तीनों, एक ही गांव के थे रहने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नेशनल हाइवे 152 डी पर बीती रात्रि करीब ढाई बजे टोल प्लाजा से कुछ दूर एक कार एवं कैंटर में बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में अचानक से आग लग गई और उसके अंदर सवार तीनों दोस्तों की जलने से मौत हो गई। तीनों एक ही गांव नीरपुर के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि इनके साथ एक अन्य दोस्त नीरपुर का ही गोल्ली भी था, जो दूसरी कार में सवार था और जब हादसा हुआ, वह उससे पहले ही वापस सकुशल गांव लौट आया और उसे हादसे का पता ही नहीं चला। आग कैंटर के अगले हिस्से में भी लगी, लेकिन उसका चालक फरार हो गया। सूचना मिलने पर रात्रि को ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात को एडवोकेट राजकुमार यदुवंशी, रविदत्त और उनका ड्राइवर दोस्त प्रवीण एक कार से महेंद्रगढ़ की तरफ गए थे, जबकि उनका गांव का ही एक दोस्त गोल्ली दूसरी कार में सवार था। रात को जब ये सभी वापस लौट रहे थे, तब करीब ढाई बजे उनकी कार की सामने से आ रहे कैंटर ट्रक से टक्कर हो गई।

इस टक्कर में उनकी गाड़ी के एयरबैग खुल गए। हालांकि, वे इससे पहले कि गाड़ी से निकल पाते, कार ने तेजी से आग पकड़ ली। बताया जाता है कि कल बुधवार को दिन ही में इन्होंने उक्त कार में गैस किट लगवाई थी, जो आग का गोला बन गई। कार इतनी तेजी से फैली कि तीनों कार सवारों को कार से निकलने का मौका नहीं मिला।

वह कार में ही पड़े रहे और आग फैलने पर उसी में ही जिंदा जल गए। कार में आग लगने के साथ ही कैंटर के केबिन के सामने वाले हिस्से ने भी आग पकड़ ली, लेकिन कैंटर का ड्राइवर अपनी जान बचाकर मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने इस हादसे की पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गाड़ी में आग लगी देख तुरंत ही फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। इस दुर्घटना में कैंटर का भी अगला हिस्सा जल गया। कैंटर में पशुओं का चारा यानि कट्टों में खल भरी हुई थी। बाद में तलाशी के दौरान गाड़ी से मिले कागजों के आधार पर मृतकों की पहचान हो सकी और उनके परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। शवों को एंबुलेंस से नागरिक अस्पताल भिजवाया गया।





नारनौल। हादसे उपरांत घटनास्थल खड़ी कार एवं कैंटर व हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार।

### यह बोले जांच अधिकारी

सदर पुलिस की तरफ से जांच अधिकारी अमरदीप सिंह ने बताया कि हादसा बुधवार रात्रि करीब 2 बजकर 35 मिनट पर हुआ था। लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन कार ने भयंकर आग पकड़ी हुई थी। इससे कार में ही तीनों झूलस गए थे, जब उन्हें एंबुलेंस के जरिए नारनौल अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी और वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैंटर चालक अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।



नारनौल। रविदत्त, राजकुमार यदुवंशी एवं प्रवीण।

### राजकुमार रह चुके जिला पार्षद

इस हादसे के शिकार हुए राजकुमार यदुवंशी एडवोकेट पूर्व में जिला पार्षद भी रह चुके है। वह लॉ करने के बाद चंडीगढ़ में प्रेक्टिस करने लगे थे। वहीं रविदत्त कपड़ा व्यापारी थे। रवि ने नारनौल के सुभाष पार्क के सामने कपड़े का एक बड़ा शोरूम किया हुआ है। जबकि प्रवीण पेशे से टैक्सी चालक था। ये तीनों दोस्त थे और अक्सर साथ ही रहते थे। तीनों ही गांव नीरपुर के ही रहने वाले थे। राजकुमार यदुवंशी और रविदत्त उर्फ दारा सिंह की शादीशुदा थे। राजकुमार को एक बेटा और रविदत्त के दो बेटे हैं। रविदत्त के एक बेटे की शादी भी हो चुकी है। वहीं, टैक्सी ड्राइवर प्रवीण उर्फ पौमी अविवाहित था।

### कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज

इस हादसे में गुरुवार प्रातः नारनौल के नागरिक अस्पताल में सदर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। मृतकों के परिजनों के बयान पर पुलिस ने फरार कैंटर चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कैंटर को पुलिस ने मौके से अपने काबू में ले लिया है।





मंडी अटेली। अटल ई–लाइब्रेरी के उद्घाटन के दौरान उपस्थित ग्रामीण।

## डेरोली अहीर में अटल ई-लाइब्रेरी का केंद्रीय गृहमंत्री ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शिरकत की और गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने प्रदेश भर में अनेक अटल ई-लाइब्रेरियों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। सिहमा खंड के गांव डेरोली अहीर भी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अटल ई-लाइब्रेरी का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मौके पर डेरोली अहीर के सरपंच लखीराम यादव ने बताया गांव में लगभग तीन वर्षों से वह अपने निजी खर्चे से गांव के बच्चों के लिए ई-लाइब्रेरी चला रहे थे। उनकी यह लाइब्रेरी शिक्षा का केंद्र बनकर उभर रही है। जो न सिर्फ किताबें देती हैं, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखकर ज्ञान, रोजगार और रचनात्मकता के रास्ते खोल रही हैं। हरियाणा सरकार लगातार हर गांव में आधुनिक, वाई-फाई युक्त लाइब्रेरी बनाकर इसे एक ज्ञान केंद्र बना रही है। जहां डिजिटल और पारंपरिक दोनों तरह की किताबें उपलब्ध हैं, जिससे छात्र बिना किसी शुल्क के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पा रहे हैं और शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। अब उनके गांव की लाइब्रेरी का नाम अटल ई-लाइब्रेरी हो गया है। अब यह लाइब्रेरी प्रदेश सरकार की देखरेख में शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में प्रेरित करेगी। वहीं अटल ई-लाइब्रेरी का उद्देश्य युवाओं में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना और डिजिटल ज्ञान संसाधनों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना है। हरियाणा में अनेक अटल ई-लाइब्रेरियों को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर शुरू गया है। सरकार उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया है। इस मौके पर महावीर बाबू, मुनीम खान, राजकुमार, कर्मपाल, सतीश, मनोज, संदीप, हेड मास्टर रामौतार, पूर्व बैंक मैनेजर सोमदत्त, पंच प्रतिनिधि जयवीर, पंच प्रतिनिधि सुनील आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 15 को भूख हड़ताल करेंगे रोडवेज कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) के राज्य कमेटी के आह्वान पर भूख हड़ताल पर अंतिम चरण में नारनौल डिपो के कर्मचारी 15 जनवरी को भूख हड़ताल करेंगे। यूनियन के राज्य सचिव कृष्ण ऊंण ने बताया कि कर्मचारी मांग मुद्दों में सरकार द्वारा प्राइवेट बस मालिकों को कोरोना काल में घर में खड़ी बसों को 50 करोड़ रुपये की राशि राहत के तोर पर दी है। इसी तर्ज पर रोडवेज के योद्धा कहे जाने वाले रोडवेज कर्मचारियों ने प्रवासी मजदूरों को यूपी, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड राज्यों में अपनी व अपने परिवार की चिंता दूर कर कोरोना जैसी महामारी के दौरान काम किया, उन कर्मचारियों को जोखिम भत्ता देना तो दूर 18 माह का महंगाई भत्ता तक सरकार डकार गई है। रोडवेज कर्मचारी को दस वर्षों से दीपावली पर दिया जाने वाला बोनस भी नहीं दिया जा रहा। कपड़ा व धुलाई भत्ता बंद कर दिया है।

**मानी गई मांगें लागू नहीं करने का करेंगे विरोध**

उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भी कर्मशाला कर्मचारी को तकनीकी वेतनमान से वंचित रखा गया है। रोडवेज कर्मचारी की छुट्टी में कटौती कर दी गई है। कर्मशाला के कर्मचारियों को मिलने वाले राजपत्रित अवकाश देने बंद कर दिए हैं। चालक–परिचालकों को दिए जाने वाले ओवर टाइम में कटौती कर दी है। लंबे समय से रात्रि ठहराव का भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों के बीमारी बिल समय पर नहीं दिऐ जा रहे, आदि मांगों को लेकर कर्मचारी भूख हड़ताल करेंगे।

**सुविधा** एक जनवरी तक किया जाएगा स्पेशल ट्रेनों का संचालन

### नारनौल रेलवे स्टेशन पर भी होगा ट्रेनों का ठहराव

# खाटूश्याम यात्रियों के लिए 29 से चलेगी 2 स्पेशल ट्रेन, श्रद्धालुओं को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

साल के अंत में प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य दिल्ली व राजस्थान के यात्रियों के लिए रेलवे खुशखबरी लेकर आई है। बता दें कि नववर्ष के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ी सुविधा दी है। जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे की ओर से कुरुक्षेत्र-फुलेरा-कुरुक्षेत्र व फुलेरा-शकूरबस्ती-फुलेरा के बीच दो जोड़ी अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेनें पूरी तरह अनारक्षित होंगी, ऐसे में यात्री सामान्य टिकट लेकर आसानी से यात्रा कर सकेंगे।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन नंबर 09711/09712 कुरुक्षेत्र-फुलेरा-कुरुक्षेत्र का संचालन कुल चार फेरों में किया जाएगा। यह स्पेशल ट्रेन कुरुक्षेत्र स्टेशन से 29 दिसंबर से एक जनवरी 2026 तक चलेगी, जबकि फुलेरा से वापसी में इसका संचालन 30 दिसंबर से दो जनवरी 2026 तक रहेगा। ट्रेन में कुल 14 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 12 साधारण कोच व 2 एसएलआर कोच शामिल होंगे।





नारनौल। नारनौल रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

### दिल्ली शकूरबस्ती से भी चलेगी

इसी तरह दूसरी जोड़ी 09713-09714 फुलेरा-शकूरबस्ती-फुलेरा भी कुल चार फेरों में चलाई जाएगी। इसका संचालन फुलेरा व शकूरबस्ती दोनों से 29 दिसंबर 2025 से एक जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस ट्रेन में भी 14 कोच, जिसमें 12 साधारण व दो एसएलआर कोच होंगे। यह ट्रेन फुलेरा से सुबह 10:40 बजे रवाना होगी और रींगस में 11:45 से 11:50 बजे तक रूकेगी। इसके बाद नारनौल में 13:38 से 13:40 बजे, रेवाड़ी में 14:48 से 14:50 बजे तथा गुरुग्राम गांव में 15:28 से 15:30 बजे ठहराव रहेगा। शकूरबस्ती स्टेशन पर इसका आगमन 16:30 बजे होगा।

### यह है समयसारिणी

रेलवे समयसारिणी के अनुसार ट्रेन कुरुक्षेत्र से रात 11:30 बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद यह रोहतक स्टेशन पर 02:28 बजे पहुंचेगी और 02:30 बजे रवाना होगी। रेवाड़ी में इसका ठहराव 04:25 से 04:27 बजे तक रहेगा। नारनौल स्टेशन पर ट्रेन 05:19 बजे पहुंचेगी और 05:21 बजे आगे रवाना होगी। अंतिम स्टेशन फुलेरा पर इसका आगमन 08:30 बजे निर्धारित है।

### तीन राज्यों के लोगों को लाभ

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि ये दोनों स्पेशल ट्रेनें पूरी तरह अनारक्षित हैं तथा इनके संचालन का निर्णय विशेष रूप से नववर्ष के दौरान अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को देखते हुए लिया गया है। इससे हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली मार्ग पर यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को सीधा फायदा होगा।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करेंगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



## जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



## पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

## पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

## मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

**बच्चो, अगर** तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

## मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर कार्ड्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

## नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

# स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।

हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।






कहानी

रेनू सैनी

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

# नववर्ष का संकल्प



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र


# प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताब:** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका:** रेखा शाह आरबी, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



नारनौल। पीटीएम में भाग लेते अध्यापक अभिभावक। फोटो: हरिभूमि

### राव नेतराम स्कूल में पीटीएम आयोजित

**नारनौल।** राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर में अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बैठक में बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए चर्चा की गई। जिसमें अभिभावकों ने अपने बेहतर सुझाव प्रस्तुत किए। परीक्षाएं निकट है, तो विद्यार्थियों की समयसारिणी व नियमित रूप से अध्ययन से परीक्षा परिणाम को और भी बेहतर बनाया जा सकता है।

### अरावली को खत्म करना चाहती है भाजपा सरकार

**नारनौल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश सचिव और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश माण्डैया ने भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध जताया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि केंद्र सरकार सोची समझी साजिश के तहत अरावली को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अब हम भारतीयों का कर्तव्य बनता है कि हमें अरावली को बचाना है। पता नहीं ये एनडीए सरकार अरावली के संरक्षण के प्रति इतनी उदासीन क्यों है। माण्डैया ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से अरावली के 90 प्रतिशत हिस्से को खतरा है।

## आरपीएस विद्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया तुलसी पूजन दिवस

# तुलसी के महत्व को घर-घर तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**ऑक्सीजन के स्रोत और वातावरण की शुद्धि में तुलसी की भूमिका को कविताओं के जरिए प्रस्तुत किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विद्यालय में तुलसी पूजन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय में तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, प्रकृति प्रेम और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान तुलसी के महत्व को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

समारोह की विधिवत शुरुआत संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने तुलसी के पौधे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान पूरा वातावरण मंत्रोच्चार और श्रद्धा से सराबोर हो गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों ने तुलसी के धार्मिक महत्व पर श्लोकों और भजनों के माध्यम से तुलसी की पवित्रता का वर्णन किया। इस दौरान बताया गया कि तुलसी में औषधीय गुण होते हैं, यह कैसे बीमारियों से लड़ने में सहायक है, इस पर प्रकाश डाला। ऑक्सीजन के स्रोत और वातावरण की शुद्धि में तुलसी की भूमिका को कविताओं के जरिए प्रस्तुत किया। संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि तुलसी केवल एक पौधा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का आधार है। यह न केवल वातावरण को शुद्ध करती है, बल्कि हमारे शरीर को भी निरोगी बनाए रखने में सक्षम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में अपनी जड़ों और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना जाग्रत होती है।

प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपने घर में एक तुलसी का पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस विशेष अवसर पर उप-प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, विंग हेड देवेंद्र पुनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनीता अहलावत, राजकुमार, राज सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### टैगोर स्कूल में तुलसी दिवस व क्रिसमस-डे मनाया



**महेंद्रगढ़।** टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तुलसी दिवस एवं क्रिसमस डे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण तथा आपसी भाईचारे और प्रेम की भावना को विकसित करना रहा। विद्यालय परिसर में तुलसी पूजन किया गया तथा विद्यार्थियों ने तुलसी के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने बताया कि तुलसी न केवल हमारी संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। इसके अलावा विद्यार्थियों ने क्रिसमस से संबंधित गीत, कविताएं एवं संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रभु यीशु मसीह के जीवन, प्रेम, त्याग और सेवा के संदेश पर प्रकाश डाला गया। सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति के साथ-साथ विश्व की विभिन्न परंपराओं को समझने का अवसर प्रदान करते हैं और उनमें सहिष्णुता व सद्भावना का विकास करते हैं। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने कहा कि तुलसी दिवस और क्रिसमस जैसे पर्व हमें प्रकृति संरक्षण, प्रेम और मानव सेवा का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं तथा सभी ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### हैप्पी स्कूल में क्रिसमस व तुलसी दिवस रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर स्कूल में क्रिसमस और तुलसी दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। विद्यालय संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से आठवीं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाई। मंच संचालन कक्षा पांचवीं की प्रेरणा व क्रियांश ने किया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन के साथ किया। कवित और भाषण के माध्यम से ऐसा समा बांधा गया जो किसी अद्भुत नजारे से कम न था। सामाजिक जागरूकता के लिए कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका प्रस्तुत की। अध्यापिका गोल्डी गोड और मंजू शर्मा द्वारा बनाई गई पेंटिंग और कलाकृति शानदार रही। संस्था प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने कहा कि क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म को याद करने के लिए मनाया जाने वाल वर्ष का आनंददायक समय है। यह 25 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है और इसका धार्मिक महत्व है। इसके साथ ही तुलसी का धार्मिक और चिकित्सक महत्व भी समझाया। मैनेजर चंचल अग्रवाल और प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल ने बताया कि क्रिसमस, सामान्य रूप से ईसा मसीह के जन्म के रूप में मनया जाता है।



महेंद्रगढ़। सांता की वेशभूषा में विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### बीआर स्कूल में मनाया क्रिसमस पर्व

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में क्रिसमस पर्व मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री, सितारों एवं गुब्बारों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन, प्रेम, शांति और भाईचारे के संदेश पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात नन्हे विद्यार्थियों द्वारा क्रिसमस कैरोल, नृत्य एवं लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। विद्यालय में सांता क्लॉज की विशेष प्रस्तुति भी रही, जिसने बच्चों को उपहार वितरित किए। विद्यार्थियों ने मेरी क्रिसमस के संदेश के साथ आपसी प्रेम, सौहार्द और एक-दूसरे की मदद करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य ज्योति भारद्वाज ने कहा कि क्रिसमस पर्व हमें प्रेम, त्याग और मानवता की भावना को अपनाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर कल्पना, दीपा, प्रीती, कपिल, सुमन, पूनम मौजूद रही।

### आरआरसीएम स्कूल में क्रिसमसडे मनाया



कनीना। सांता की वेशभूषा में विद्यार्थी।

*कनीना। आरआरसीएम स्कूल में तुलसी पूजन व क्रिसमस डे मनाया गया। कक्षा किड्स से कक्षा एलजकेजी व यूकेजी के बच्चों ने क्रिसमस डे उपलक्ष्य में सांता के रंग-बिरंगे कपड़े पहने और चॉकलेट और मिठाई बांटकर नाच गाना किया। इसी क्रम में कक्षा पहली और दूसरे सभी बच्चों ने तुलसी का पूजन किया और तुलसी के महत्व को जाना। संस्था चेयरमैन रोशनलाल ने बच्चों को तुलसी पूजन दिवस के साथ अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस की भी शुभकामनाएं दी।*



महेंद्रगढ़। सांता क्लाज की वेशभूषा में बच्चों के साथ छात्रा मानवी। फोटो: हरिभूमि

### श्रीकृष्णा स्कूल में तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्राइमेरी विंग के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, वहीं विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव व अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई। इस दौरान विद्यालय में क्रिसमस डे भी मनाया गया। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव, सीईओ कर्मवीर राव, प्राचार्य रवि प्रकाश ने बताया कि आज श्रीकृष्णा स्कूल के प्रांगण में एकत्रित होकर, हम न केवल एक परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। तुलसी पूजन हमारे सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस मौके पर हेड संतोष यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### नेशनल मॉडल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय नेशनल मॉडल स्कूल में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने कहा कि हमारे लिए बड़े खेद का विषय है कि 300 वर्ष पहले की इस असामान्य घटना को हमने भुला दिया। हमें अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी होनी चाहिए। पौष मास की षष्ठी तिथि से लेकर त्रयोदशी तिथि तक गुरु दशमेश के चारों पुत्रों का बलिदान देश धर्म की रक्षा करते हुए हुआ। गुरु गोविंद सिंह के दो बेटे अजीत सिंह व जुझार सिंह चमकौर के युद्ध में शहीद हुए तथा दो बेटे जोरावर सिंह व फतेह सिंह नवाब वजीर खान के द्वारा दीवार में जिंदा चिनवा दिए गए। विद्यालय अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री व अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं ने गुरु पुत्रों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी।



महेंद्रगढ़। अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### जीनियस एकेडमी में मनाया सुशासन दिवस

**महेंद्रगढ़।** जीनियस एकेडमी में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस दौरान एकेडमी डायरेक्टर अमित यादव ने वाजपेयी के चित्र पर पुष्पार्पित कर उन्हें याद किया और सभी उपस्थित विद्यार्थियों को उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अटल का जन्म 25 दिसम्बर 1924 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। 2014 से ही वाजपेयी की जयंती को प्रत्येक वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2015 में उन्हें देश के सर्वोच्य सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने अटल एक प्रखर वक्ता, कवि, राजनेता और विशाल व्यक्तित्व के धनी थे। वे जननायक के साथ महानायक भी थे। यूएनओ की सभा में पहली बार उन्होंने हिंदी में भाषण देकर उन्होंने सबको आश्चर्य चकित कर दिया था। उनके भीतर का राजनेता हमेशा शोषित और वंचितों की पीड़ा से तड़पता रहा। एकेडमी चेयरपर्सन सोनिका यादव ने कहा कि अटल देश की राष्ट्रीयता के प्राणतत्व थे। उन्होंने बताया कि देश की संसद में उन्होंने कहा था कि सत्ता का खेल तो चलता रहेगा, पार्टियां आएंगी, जाएंगी, सरकारें बनेंगी बिगड़ेंगी, मगर ये देश रहना चाहिए और इसका लोकतंत्र अमर रहना चाहिए। मौके पर सुनील कुमार, दिलेर सिंह, देवेंद्र, सतीश, दीपक, सोनू, प्रवीण, सुरेन्द्र, राधिका व पूनम आदि उपस्थित रहे।

# युवा योद्धा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जजपा कार्यालय में समीक्षा बैठक

**भाजपा सरकार युवा विरोधी, भर्ती प्रणाली बनी खुला धोखा: प्रो. रणधीर सिंह चिका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बैठक करते जजपा कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

युवा जननायक जनता पार्टी की ओर से 28 दिसंबर को अटेली विधानसभा क्षेत्र के दौंगड़ा अहीर चौक पर आयोजित होने वाले युवा योद्धा सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा को लेकर जननायक जनता पार्टी के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव एवं हरियाणा के युवा योद्धा के संरक्षक प्रोफेसर रणधीर सिंह चिका तथा युवा प्रदेश महासचिव राजू पाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। युवा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

प्रोफेसर रणधीर सिंह चिका ने युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह युवा विरोधी है। हरियाणा का युवा आज रोजगार के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि चाहे एचपीएससी हो या एसएससी बोर्ड, युवाओं से पहले नौकरी के फॉर्म भरवाए जाते हैं और कुछ ही महीनों बाद भर्तियां रद्द कर दी जाती हैं। इससे युवाओं को बेरोजगारी के साथ साथ भारी आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है, क्योंकि हर फॉर्म के लिए हजारों रुपये की सरकारी फीस देनी पड़ती है। प्रोफेसर चिका ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि क्या हरियाणा के युवा केवल इसलिए पढ़ाई कर रहे हैं कि उन्हें चपरासी की नौकरी ही मिल सके। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज हरियाणा की भर्ती प्रणाली जनता के साथ खुला धोखा बन चुकी है। हाल ही में घोषित अंग्रेजी एसोसिएट प्रोफेसर भर्ती के परिणामों ने इस सच्चाई को उजागर कर दिया है। जिसमें दलितोंए पिछड़ों और अन्य वर्गों के साथ खुला अन्याय हुआ है।

उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि ओएससी की 60 पोस्टों में केवल दो, डीएससी की 60 पोस्टों में सिर्फ एक, ओबीसी की 85 पोस्टों में मात्र तीन, बीसीबी की 36 पोस्टों में पांच तथा ईडब्ल्यूए की 60 पोस्टों में केवल छह अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

वहीं सामान्य वर्ग की 312 पोस्टों में से 134 का चयन किया गया। जिनमें 80 से अधिक अभ्यर्थी हरियाणा से बाहर के हैं। प्रोफेसर रणधीर सिंह चिका ने कहा कि ये आंकड़े साफ दर्शाते हैं कि दलितों और पिछड़े वर्गों को अधिकारी बनने के अवसर से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या 150 अंकों में से 35 प्रतिशत यानी 52 अंक लाने वाला भी कोई योग्य उम्मीदवार नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा प्रोफेसर भर्ती में डीएसई श्रेणी के लिए 200 पद निर्धारित किए गए थे, लेकिन चयन मात्र छह का हुआ और 194 पद जान बूझकर खाली छोड़ दिए गए। युवा प्रदेश महासचिव राजू पाई ने कहा कि युवाओं का भविष्य केवल जननायक जनता पार्टी में ही सुरक्षित है, क्योंकि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला स्वयं युवा हैं और युवा ही युवाओं के दर्द को समझ सकता है।

युवा जिला प्रभारी विष्णु डाबड़ और युवा जिला अध्यक्ष सचिन चौधरी ने मुख्य अतिथियों को आश्वस्त किया कि युवा योद्धा सम्मेलन प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा करेगा।

उन्होंने कहा कि यह हरियाणा के इतिहास में जिला स्तर पर आयोजित पहला युवा सम्मेलन होगा, जिसमें महेंद्रगढ़ जिले से हजारों युवा भाग लेंगे। अंत में जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने प्रदेश महासचिव प्रोफेसर रणधीर सिंह चिका, युवा प्रदेश महासचिव राजू पाई सहित सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए स्वागत किया।

#### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, अनमोल गुप्ता, अभिषेक शर्मा, हैप्पी तंवर, योगी आदलपुर, शेरू महरमपुर, राजेश रावत, बजरंग गुर्जर, सुनील जेवली, जोनी तंवर, मिंटू तंवर, वतन सिंह, दीपक सिंह, बबलू, बलवान ग्रेवाल, मास्टर हरचंद तोबड़ा, रामकुमार मक्शुसपुर, अशोक सैनी, विजयपाल अधिवक्ता, सुरेंद्र प्रधान, प्रमोद ताखर, बेदू राता, दिनेश राजपूत, राजकुमार जांगड़ा, संदीप भाखर, वीरेंद्र घटाशेर, केशव वर्मा, बहादुर नागलिया, इसे कुमार, नरेश खालाडा, इंदरपाल बोचडिया, बौदाराम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

### रामचंद्र स्कूल में क्रिसमस डे व तुलसी दिवस मनाया



कनीना। सांता की वेशभूषा में विद्यार्थी।

*कनीना। रामचंद्र पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे एवं तुलसी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर को क्रिसमस थीम से सजाया गया तथा विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य व प्रार्थना के माध्यम से प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान तुलसी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कोऑर्डिनेटर ऋतु यादव ने कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। एकेडमिक इंचार्ज शिवचरण जोशी ने बच्चों को संस्कार और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। चेयरमैन रोशनलाल यादव ने ऐसे आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन शुभकामना के साथ हुआ।*



नांगल चौधरी। दिवंगत प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते स्कूल के एमडी अमित यादव। फोटो: हरिभूमि

### वाजपेयी के सिद्धांतों से मिलती रहेगी प्रेरणा: अमित

**नांगल चौधरी।** सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर संस्था के प्रबंधक निदेशक अमित यादव की अगुवाई में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को दिवंगत प्रधानमंत्री की जीवनी से अवगत कराया। इसके बाद राष्ट्रसेवा और सुरक्षा में योगदान देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार ने की। वाजपेयी ने शासनकाल में कभी भी निजी स्वार्थों को प्राथमिकता नहीं दी। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सुनील यादव, संयोजक कुलदीप ने विचार व्यक्त किए।

# संवेदना चेरिटेबल ट्रस्ट ने जारी की 10 छात्रों को छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

संवेदना चैरिटेबल फ़ाउंडेशन की ओर से स्वर्गीय कलावती देवी छात्रवृति योजना के तहत 10 चयनित छात्रों को छात्रवृति बुधवार को उनके खाते में पहुंचा दी गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रस्ट चेयरमैन एवं पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने बताया कि इस छात्रवृत्ति का मुख्य लक्ष्य उन प्रतिभाशाली छात्रों की मदद करना है जो अपनी प्रतिभा के बल पर अच्छे मेडिकल और इंजीनियरिंग की संस्थाओं में प्रवेश पाने में सफल हो जाते हैं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनको आर्थिक प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

ट्रस्ट द्वारा जारी विज्ञापन के संदर्भ में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए जिनकी जांच करने उपरांत ट्रस्ट ने चार आईआईटी के छात्रों और छह मेडिकल और इंजीनियरिंग के सरकारी कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राएं एवं छात्रों को छात्रवृत्ति देने का निर्णय किया है।

#### इन्हें मिली छात्रवृत्ति

हर्ष सुपुत्र विनोद कुमार ग्राम सिहमा, तनिश राय सुपुत्र भूदेव ग्राम गढ़ी रूथल, गौरव लंबा सुपुत्र बलजीत सिंह ग्राम सिहोर, अनूप यादव सुपुत्र नरेश कुमार ग्राम नीरपुर। यह सभी चार छात्र आईआईटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और इनको ट्रस्ट द्वारा एक लाख रुपया प्रति वर्ष प्रति छात्र छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इसी तरह से सरकारी संस्थाओं में मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण करने वाली नेहा कुमारी सुपुत्री संतोष कुमार व ग्राम नांगल कालिया, अंकिता जांगिड़ सुपुत्री संजय कुमार ग्राम शोरामनाथपुरा, भारत कुमार सुपुत्र धरमवीर मोहनपुर, ईशा सुपुत्री धरमपाल ग्राम कालबा, रीवा सुपुत्री महेश कुमार नारनौल एवं कोमल सुपुत्री दीपचंद ग्राम कांवी सम्मिलित हैं। इन सभी छह छात्र छात्राओं को 50 हजार रुपये छात्र प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इन सभी छात्र छात्राओं के बैंक अकाउंट में गत बुधवार को यह राशि भेज दी गई है। इस तरह से ट्रस्ट ने इन छात्रों को कुल सात लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की है। ये सभी छात्र इस ज़िले के होनहार छात्र हैं और ट्रस्ट द्वारा इनके कोर्स की पूरे चार साल की अवधि में यह छात्रवृत्ति जारी रखी जाएगीं। अगले वर्ष जब ये छात्र दूसरे वर्ष में प्रवेश करेंगे तो इन्हें अपने अपने शिक्षण संस्थान से अपनी एक साल की एकेडमिक प्रोग्रेस रिपोर्ट ट्रस्ट को उपलब्ध करवानी होगी। तदोपरांत इनको छात्रवृत्ति यथा अनुसार भिजवा दी जाएगी। डॉक्टर अभय सिंह यादव ने सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस ज़िले में प्रति वर्ष अनेक प्रतिभावान छात्र उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश पाते हैं और भगवान से प्रार्थना करते हैं कि इसी तरह से क्षेत्र के युवा अपने जीवन में आगे बढ़ते रहें।

# हिंदू विद्यालय में हुआ 51 कुंडीय सामूहिक महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। हवन में आहुति डालते हुए। फोटो: हरिभूमि

आदर्श कॉलोनी स्थित हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 51 कुंडीय सामूहिक महायज्ञ आयोजित किया गया। महायज्ञ का संचालन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी एवं यज्ञ-पुरोहित डॉ. निलेश मुदगल द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि पाली सरपंच देशराज सिंह फौजी तथा आयुर्वेदाचार्य डॉ. बीरेंद्र आर्य रहे। विद्यालय संचालक गजेंद्र यादव, राकेश कुमार एवं अनिल गर्ग ने सह-धर्मपत्नी के साथ मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि यह सप्ताह बलिदान और त्याग का स्मरण कराने वाला है। इसी सप्ताह गुरु गोबिंद सिंह एवं उनके चारों साहिबजादों ने सनातन धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ की प्रत्येक आहुति ऐसे महापुरुषों के बलिदान को स्मरण करते हुए अर्पित की जानी चाहिए, जिनसे आज भी देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी नमन किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने इस पवित्र आयोजन के लिए 51 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. योगेंद्र, डॉ. विकास, डॉ. शिवभावना, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सुनील देवी, तहसील प्रभारी सुनीता देवी, जुगबीर सिंह, पवन कुमार देवास, कमलेश देवी, राजकौर देवी, अजय कुमार, अनीता पहल, ओमप्रकाश सोनी, पुष्पा देवी, निशा देवी, हनुमान सैन, विनोद देवी, रतनलाल, मनोहर लाल, यतेंद्र कुमार, विशाल कुमार, डॉ. नवीन, डॉ. सुमन, अंजू आर्या उपस्थित रहीं।

## जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद ने दिए आदेश

# जिले में इस साल बनी हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सभी सड़कों की होगी ऑडिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा ने वीरवार जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा जिला महेंद्रगढ़ में वर्ष 2025 के दौरान बनाई गई सभी सड़कों का ऑडिट करवाने के आदेश दिए। इस मामले में उम्मीद जन सहयोग फाउंडेशन महेंद्रगढ़ की तरफ से की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सहकारिता मंत्री ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा बनाई गई सभी सड़कों के सैंपल लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की स्पष्ट नीति है कि सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करवाए जाएं। निजामपुर में नाले की सफाई के संबंध में शिकायत पर अधिकारियों को निर्देश दिए की 15 दिन में नाले की सफाई करवाई जाए। गांव बडकौदा में ग्राम पंचायत द्वारा विकास कार्यों में लापरवाही की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सहकारिता मंत्री ने एक माह में विजिलेंस जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य शिकायतों पर भी उन्होंने निर्धारित समय अवधि के अंदर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीसी कैप्टन मनोज कुमार तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सहकारिता मंत्री का स्वागत किया।



नारनौल। बैठक में मौजूद मंत्री डा. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, बीजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ यतेंद्र राव के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

### सहकारिता मंत्री ने एआरसीएस को किया सस्पेंड

■ शिकायत की जांच करवाते हुए इन दोनों के खिलाफ एफआईआर करवाई जाए

महेंद्रगढ़ वासी हरद्वारी लाल, कृष्णचंद, सुनील कुमार, नरेश, कौशल्या देवी, इच्छा देवी व इमरती देवी ने ग्रीवेंस में दी शिकायत में बताया कि महेंद्रगढ़ टैनर्स स्माल एन्टरप्राइजिज को–ऑपरेटिव सोसायटी के मूल सदस्यों के वारिसान–नोमिनी है। यह समिति हमारे पूर्वजों ने 1958 में पंजीकृत करवाई थी। समिति की जमीन लगभग 10 कनाल चार मरले है। हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 की धारा 23 के मुताबिक इस जमीन पर केवल वारिसान–नोमिनी का अधिकार बनता है लेकिन ममता कमवाल व इसके पति लक्ष्मीनारायण कमवाल ने लालचवश इस जमीन पर कब्जा किया हुआ है। इसके अतिरिक्त एग्रीमेंट 12 जुलाई 2011–28 जुलाई 2011 झूठ बोलकर-धेरे में रखकर किया है। ये अहमदाबाद का पता बताते है। जबकि बाईलाज के सेक्शन तीन के मुताबिक महेंद्रगढ़ का वासी ही मेम्बर बन सकता है। फर्जी आधार कार्ड व फर्जी पहचान पत्र बनवा लिए है ताकि वह सोसायटी की जमीन को हड़प कर सके। शिकायत की जांच करवाते हुए इन दोनों के खिलाफ एफआईआर करवाई जाए। इससे सोसायटी को बचाया जाए और हमारे अधिकार दिलवाएं जाएं। इस पर ने मंत्री के समक्ष सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां प्रवीण कुमार ने बताया कि सहकारिता के अधिनियम 1984 नियम 1989 के तहत किसी की सदस्यता समाप्त करने चुनावकरवाने के विरूद्ध केवल विभागीय सक्षम न्यायालय में अपील करने का प्रावधान है परन्तु समिति द्वारा की गई कार्यवाही व विभागीय न्यायालय द्वारा रजिस्ट्रार द्वारा दिए गए निर्णयों के विरूद्ध कोई अपील दायर नहीं हुई है तथा प्रशासक मण्डल द्वारा समिति के सदस्य विधिवत प्रक्रिया अपनाते है। ये राष्ट्रीय अखबार में प्रकाशन करवाके माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव सहकारिता विभाग गये निर्णय की पालना में ठीक सदस्य बनाकर चुनाव करवाएं गए, जिस में ममता का नाम भी शामिल है।

## यादव धर्मशाला में अटल के सम्मान में संगोष्ठी का आयोजन

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने बढ़ाया देश का सम्मानः डॉ. यतेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विधानसभा सुशासन कार्यक्रम यादव धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने की। अटल स्मृति सम्मेलन में विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, जिला प्रभारी शंकर धुपड, पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल, फैमिली आईडी के प्रदेश को ऑर्डिनेटर सतीश खोला, पूर्व विधायक सीताराम, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, दयाराम यादव, अजीत सिंह, सुशासन विभाग प्रमुख गोविंद भारद्वाज ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उपस्थित सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जब भारत रत्न मिला, तो भारत रत्न का सम्मान बढ़ा तथा वाजपेयी का सम्मान देश में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में था, वो एक राष्ट्र कवि थे। उनके कार्यकाल में ही भारत मजबूती की तरफ बढ़ा और परमाणु शक्ति से दीपोत्सव हुआ। पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि जिस प्रकार से अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत की। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि आज पूरा देश अटल बिहारी वाजपेयी याद कर रहा है। सभी दलों में उनकी व्यापकता और उनके प्रति श्रद्धा का भाव यह दिखाता है कि किस प्रकार से राजनीति के क्षेत्र में अटल बिहारी वाजपेयी ने लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि वाजपेयी ने अपने सिद्धांतों को सबसे ऊपर रखते हुए अपनी सरकार का गिरना एक वोट के अभाव में मंजूर किया, लेकिन कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।





नारनौल। अटल बिहारी बाजपेयी व महामना मदन मोहन मालवीय को श्रद्धासुमन अर्पित करते अरविंद शर्मा तथा अटल बिहारी वायपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आज संकल्प लेने का दिनः सहकारिता मंत्री

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने वीरवार स्थानीय सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सबसे पहले भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती के पावन अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए संकल्प लेने का दिन है।

### ये रहे मौजूद

भाजपा पदाधिकारी योगेश शास्त्री, किशन बोहरा, मनीष मित्तल, सुधीर दीवान, वासुदेव यादव, महिपाल यादव, शिवरतन, जोगिंद्र राजपूत, भवानी, संदीप मालड़ा, मंजीत यादव, सुनील प्रधान, विकास अग्रवाल, मनिंद्र यादव, भारती सैनी, विजय लक्ष्मी, मनीषा शर्मा, रविदत्त, ओमप्रकाश वाधवा, मदन गोगिया, सरला यादव, सपना गुप्ता, अर्चना ठाकुर, मनीष संघी, संजय अमन, हेमंत चौबे, मनोज कुमार, जेपी सैनी, सुरेश चौधर, संजय मित्तल, नरेंद्र टिंकू, आलोक शर्मा, धर्मचंद छाबड़ा, नरेंद्र यादव, जगदीश पासी, अशोक अग्रवाल, अमित भोजावास, महेंद्र सैनी, नरेंद्र झिमरिया, भारती सैनी, मंजू सोनी, सरिता जांगिड़, सरोज बाला, ममता शर्मा, अरुणा कौशिक, आरके जांगड़ा, महेश सैनी, कर्मवीर खींची, बाबूलाल, दीपिका, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

### पूर्व पीएम को भायुमो ने किया याद

भाजपा युवा मोर्चा नारनौल की ओर से अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पुष्पांजलि अर्पित करके मनाई गई। इसकी अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रदेश आईटी सहप्रमुख (युवा मोर्चा,भाजपा) एवं नगर पार्षद सिकन्दर कुमार ने कहा कि अटल जी भारत के दसवें प्रधानमंत्री थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे। उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य (पत्र) और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया और आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्मपितामह भी कहा जाता है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव राजेश सैनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का राजनीतिक सफर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से शुरू होकर तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बनने तक का रहा। जिसमें उन्होंने जनसंघ, जनता पार्टी और फिर भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने में अहम भूमिका निभाई।

# सीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से दिया संदेश

■ विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में अटल का जनसेवा का विजन सहायक होगा : कंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं व सेवाओं को समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पहुंचाना ही सुशासन है। सरकार का मूल मंत्र भी मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस है। सुशासन दिवस पर हमें अपनी जिम्मेदारियों का पुनर्मूल्यांकन भी करना चाहिए। यादव वीरवार को लघु सचिवालय में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार भी मौजूद थे।

वहीं इससे पहले पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जहां से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपना संदेश दिया। इसके अलावा सीएम ने नागरिकों और प्रशासनिक कार्यों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण पोर्टलों, परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ किया। वहीं सीएम ने नौ संकल्पों का कलेंडर भी जारी किया। जिला स्तरीय समारोह में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनता के प्रति संवेदनशील है। जनसेवा ही सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में अटल बिहारी वाजपेयी का जनसेवा का विजन सहायक होगा। उन्होंने कहा कि हम सबका उद्देश्य सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाकर आम आदमी के जीवन को सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के माध्यम से सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से अब सरकारी पैसा बिना किसी बिचौलिए के सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया है। यह सुशासन ही है कि आज गरीब से गरीब व्यक्ति को भी अपना हक बिना किसी सिफारिश के मिल रहा है। यादव ने कहा कि आज सरकार डिजिटल फर्स्ट के दृष्टिकोण पर काम कर रही है, ताकि सेवाएं घर बैठे मिल सकें। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस हमें याद दिलाता है कि सरकार जनता की मालिक नहीं, बल्कि सेवादार है।



नारनौल। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक व डीसी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, सीईओ जिला परिषद उदय सिंह, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ कनिका गोयल, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी भारत भूषण के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### बोचड़िया हसनपुर में मनाया सुशासन दिवस

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव बोचड़िया हसनपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर अटल पखवाड़ा के तहत सुशासन दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा सत्तू क्रिकेट क्लब की ओर से क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से त्रिवेणी रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। रक्तदान शिविर में कुल 50 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष व पूर्व सरपंच संगठन के अध्यक्ष कुलदीप यादव रहे। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनकी पुत्री राव भारती द्वारा अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में त्रिवेणी रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा रक्तदान शिविर लगाकर सुशासन दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कुलदीप यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि सद्भावना, सुशासन और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा है।



मंडी अटेली। बोचड़िया हसनपुर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते कुलदीप यादव। फोटो : हरिभूमि



### कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में 157 रैंक हासिल करने पर सम्मानित

मंडी अटेली। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में अटेली क्षेत्र के गांव गनियार के खुशिश ने पूरे देश 157 रैंक प्राप्त करके क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया है, जिससे गनियार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने उनकी इस शानदार सफलता पर उनका सम्मान किया। वहीं खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता मनीषा देवी एवं अपने गुरुजनों को दिया है। इस मौके देवेंद्र यादव, हनुमान सिंह, ओमप्रकाश, ईश्वर रविदत्त, सुल्तान सिंह, हरी प्रकाश, हेमंत के अलावा गांव के अन्य लोग उपस्थित रहे।



### उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने रेजांगला वीरों को किया सम्मानित

महेंद्रगढ़। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा गत दिवस लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में दक्षिणी हरियाणा के महेंद्रगढ़-रेवाड़ी के रेजांगला वीरों को शाल, प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत-चीन के मध्य हुए 1962 के युद्ध में शामिल रहे महेंद्रगढ़ जिले के गांव बेवल निवासी 94 वर्षीय कंपनी हैडक्वार्टर हवलदार गजेसिंह, रेवाड़ी जिले के गांव मोहनपुर निवासी रामचंद्र यादव तथा गांव चिमनावास निवासी सिपाही निहाल सिंह यादव को उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने कर-कमलों से दस-दस लाख रुपये व सोने के मेडल देकर सम्मानित किया, जो अति गर्व का विषय है। इस संदर्भ में 1962 में रेजांगला युद्ध में अपने अद्भुत साहस, पराक्रम, शौर्य दिखाने वाले वीर सपूत गंजेसिंह ने बताया कि उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दक्षिणी हरियाणा रेजांगला के वीर सपूतों को सम्मान देकर ना केवल उनका अपितु पूरे दक्षिणी हरियाणा का मान बढ़ाया है। लखनऊ में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में पहुंचने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट तक गाड़ी तथा हवाई टिकट की व्यवस्था करने के लिए वीर सपूतों ने पूर्व मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करते हुए यादव सभा महेंद्रगढ़ महेंद्रगढ़, भूतपूर्व सैनिक विकास संघ, जिले के गांव बेवल निवासी सूबेदार डूंगरमल, कैप्टन मालाराम, हवलदार भीमसिंह, डॉ. हरीराम, रणवीर सिंह, हवलदार चंदगी राम, रामनिवास, बोदनराम, एलडी यादव, पूर्व सरपंच यदुनंदन, पूर्व सरपंच महावीर सिंह, लेखक एवं शिक्षाविद प्रताप सिंह शास्त्री, भानाराम चौधरी, सुरेन्द्र नम्बरदार, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक प्रीतमसिंह, सुजान सिंह एडवोकेट, सोमवीर यादव, रामपाल यादव आदि ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा के रेजांगला के इन वीर सपूतों को आमन्त्रित कर सम्मान देना इस बात का द्योतक है कि उनके दिल में देशभक्त, देश की रक्षा करने वालों के प्रति कितना अधिक सम्मान है।

# अटल के सिद्धांत और मूल्य राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगेः रामबिलास

■ अटल का व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक की तरह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



हरियाणा के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रामबिलास शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल का व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक की तरह है। शर्मा ने कहा कि श्रद्धेय अटल हमें सदैव राष्ट्रसेवा, ईमानदारी और जनकल्याण के मूल्यों की प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अटल ने भारतीय राजनीति में जो सूचिता और गरिमा स्थापित की, वह आज के समय में हर जनसेवक के लिए अनुकरणीय है। उनका संपूर्ण जीवन देश की प्रगति और आम जनमानस के उत्थान के लिए समर्पित रहा। पूर्व मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चलते हुए 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को साकार कर रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**रोजगार मेला** मौके पर ही आकर्षक वेतन के साथ प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

# प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के मेले में 70 युवाओं को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से यूनाइटेड ह्यूमन रिसोर्स लिमिटेड के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। ट्रस्टी डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज व नरोत्तम सोनी ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनाइटेड ह्यूमन रिसोर्स के सीइओ कंवर सिंह थे। अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने की।

संचालन प्रवक्ता डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने किया। सर्वप्रथम यूनाइटेड ह्यूमन रिसोर्स के संयोजक अमृत कुमार चौधरी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रोजगार मेले में उपस्थित कंपनियों की जानकारी, काम की प्रकृति, चयन के मानदंड आदि के विषय में उपस्थित अभ्यर्थियों को बताया। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद की पूर्व प्रधान भारती सैनी, वरिष्ठ सामाजसेवी डॉ. वासुदेव यादव, राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षक राजेश कुमार, समाजसेवी पवन यादव, भाजपा नेता राकेश यादव, प्रवक्ता विजय भार्गव, कमल सैनी थे।

ट्रस्टी ओशीन शुक्ला व अमित शर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। मौके पर ही विभिन्न चरणों में साक्षात्कार आयोजित किए गए, जिनके आधार पर 70 युवाओं को नौकरी के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। यह युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही, जिससे उनके रोजगार के सपनों को नई दिशा मिली। रोजगार मेले में गुरुग्राम, बावल, नीमराना, केशवाना व भिवाड़ी जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं की योग्यता, तकनीकी दक्षता व कौशल के आधार पर साक्षात्कार लेकर उन्हें जॉब के लिए चयनित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित न होकर युवाओं को रोजगार से जोड़ना भी है। ह्यूमन रिसोर्स लिमिटेड के सहयोग से आयोजित यह रोजगार मेला उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की बात कही।





नारनौल। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेते कम्पनी प्रतिनिधि तथा चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान करते ट्रस्टी व कंपनियों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### रोजगार सृजन को नई गति मिली

ट्रस्टी अजय शर्मा व दिनेश कुमार ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के लिए आशा और अवसर का मंच सिद्ध हुआ। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को नई गति मिली। इस कार्यक्रम में यूएचआर लिमिटेड कंपनी की ओर से एचआर प्रतिनिधि देवेन्द्र कुमार, अजय कुमार, गौरव सोलोत व कुनाल जॉनी धनखड़ ने उपस्थित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया।

### ये रहे मौजूद

अजय शर्मा, कमल सैनी, नरोत्तम सोनी, विजय भार्गव, राकेश यादव, दिनेश कुमार प्राचार्य, दीपक बसीरपुर, रिम्पी सरदार, देवदत्त शर्मा आदि मौजूद थे।